**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गुलदार के आतंक के साये में जीने को मजबूर ग्रामीण

**आक्रोश**

## दो लोगों के मारे जाने के बाद वन विभाग ने नही की स्थिति स्पष्ट

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। शनिवार को भी गुलदार ने ललित मोहन जोशी पर धारा पानी चंडाक में हमला किया। जिले के बीस किमी दायरे के भीतर गुलदार के सक्रिय होने से सुकोली,हुडैती,रई व छाना के ग्रामीण दहशत के साये में है। बता दें कि एक सप्ताह के भीतर जिले में गुलदार के हमले में दो लोगों के मारे जाने के बाद भी वन महकमा खमोश बैठा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक गुलदार ने सुकौली गांव में पहले एक विक्षिप्त युवक को मौत के घाट उतारा ही था कि वही ठीक दूसरे दिन की शाम को जिले के ही छाना दिगतोली में एक ग्यारह साल की किशोरी को गुलदार ने मौत के घाट उतार दिया। बता दें कि इससे पूर्व नगर के रई क्षेत्र में गुलदार की स्थानीय मुहल्ले में काफी घंटे तक चहलकदमी करते हुए तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। जिले में अब तक वन महकमे



डीएफओ का घेराव करते हुए नाराज लोग।

द्वारा इस घटना पर कोई ठोस कदम न उठाये जाने के कारण जिले के लोगों ने वन महकमें की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिये है।

जिले में लगातार बढ़ रहे गुलदार की सक्रियता को देखते हुए इलाके का वन महकमे के मौन बने रहने से लोगों में वन महकमें के प्रति खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। बता दें कि जहां एक तरफ इलाके के वन महकमें द्वारा गुलदार को अबतक आदमखोर घोषित किये जाने के को लेकर कोई ठोस पहल नही हो पाई है। ऐसी स्थितियों में वन महकमें की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लाज्मी है। रोजाना गुलदार की बढ़ रही सक्रियता से इलाके के ग्रामीण घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे है। जानकारी के मुताबिक बीते दो दिन पूर्व नगर के छाना गांव में गुलदार के हमले में मारी गई किशोरी के परिवार वालों को साथ लेकर जिले के युवा अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोलकर प्रदर्शन करने के साथ वन विभाग से तत्काल पीड़ित परिवार को पचास हजार का मुआवजा दिलवाया गया। क्षेत्र में गुलदार को आदमखोर घोषित करने की मांग को लेकर प्रभागीय वनाधिकारी का घेराव भी किया। वन विभाग के द्वारा घटना स्थल में मौके पर पिंजरा व वन महकमें के कर्मचारियों की तैनाती की भी मांग की गई है। इस मामले पर प्रभागीय वनाधिकारी विनय भार्गव ने बताया कि ग्रमीणों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम के प्रयास किये जा रहे है। छपना,पांडे गांव व सुकौली में वन विभाग की टीम पिंजरे के साथ गश्त पर लगा दी गई है।

दूसरी ओर वन क्षेत्राधिकारी दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि गुलदार को आदमखोर घोषित करने के लिए वाइल्ड लाइफ को रिपोर्ट भेजी जा रही है। गुलदार के आदमखोर घोषित होते ही खेत्र में शिकारियों की तैनाती कर दी जायेगी।

## न्यूज डायरी

### भीड़ तंत्र के बीच ध्वज का उचित सम्मान नहीः यशवीर आर्य

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार हर देशवासी को है और उसको पूर्ण सम्मान देने का कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि भीड़ तंत्र के बीच ध्वज का उचित सम्मान नहीं हो पाता है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि लेकिन अनेक मौकों पर लोग इस बात का ध्यान नही रख पाते। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल,संगठन आदि द्वारा किसी भी मुद्दे पर धरना प्रदर्शन आंदोलन एक आम बात है ,पिछले कुछ वर्षों मे ऐसे मौकों पर राष्ट्रीय ध्वज भी साथ रखा जाने लगा है। उन्होंने कहा कि लेकिन वहाँ भीड़ तंत्र के कारण ध्वज का ठीक से सम्मान नही हो पाता, उन्होंने कहा कि अतः सरकारों द्वारा ऐसे मौकों पर राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग पर रोक लगाई जाये। उन्होंने कहा कि जो भी राजनैतिक दल, संगठन प्रदर्शन आदि कर रहा है वह अपने ही ध्वज का प्रयोग करें।

### किसानों की खेती पर पूंजीपतियों का डाकाः महेश जोशी

**संवाददाता** देहरादून।। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश जोशी ने कहा है कि केंद्र सरकार के किसान विरोधी बिल के विरोध में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के आहवान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता 28 सितम्बर को राज भवन कूच करेंगें। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में किसानों की आय में बढ़ोतरी उनकी खुशहाली को हरित क्रांति जैसे कार्य करने की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता महेश जोशी ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश को किसानों की खेती पर पूंजीपतियों का डाका करार दिया।

### सिमरन की मदद से उपचार के दौरान ही बनवाया आयुष्मान कार्ड

**संवाददाता** देहरादून। अटल आयुष्मान योजना की संयोजिका सिमरन सक्सेनाा ने एक बार फिर से इंद्रेश हॉस्पिटल में भर्ती अंकित नामक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया है जिससे उसका चिकित्सालय में उपचार हो रहा है। यहां अंकित उम्र 34 साल शिवाजी धर्मशाला के पास रहने वाले युवक का छत से गिरकर सिर में चोट लग गई और उनकी आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से इलाज होने में दिक्कत आ रही थी। डॉक्टर ने सिर का ऑपरेशन बताया है और आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ नहीं था। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी सिमरन सक्सैना कई जरूरतमंद लोगों का उपचार के दौरान ही आयुष्मान कार्ड बना चुकी है और समाज सेवा के लिए हर समय तत्पर रहती है।

## उत्तरी हरिद्वार में जल संस्थान की लापरवाही से बढ़ी पानी की किल्लत

**संवाददाता** हरिद्वार। बागरौ नदी (सूखी नदी) के पुल निर्माण के चलते हो रही पानी की लाईन स्थानान्तरण के कारण विगत एक सप्ताह से उत्तरी हरिद्वार खड़खड़ी भूपतवाला में पानी की भारी किल्लत हो रही है। मरम्मत के कार्य के बावजूद इन्द्रा बस्ती, कैलाश बस्ती, पावनधाम मार्ग पर पानी की आपूर्ति विगत 5 दिनों से ठप्प पड़ी है।

पानी न आने से आक्रोशित इन्द्रा बस्ती, कैलाश गली की महिलाओं ने भाजपा नेता दीपांशु विद्यार्थी के नेतृत्व में सूखी नदी के पुल पर विरोध प्रदर्शन कर पानी की सुचारू आपूर्ति बहाल करने की मांग की। भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरूद्ध भाटी, दीपांशु विद्यार्थी ने तत्काल शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक को पेयजल की समस्या से अवगत कराया। शहरी विकास मंत्री के निर्देश पर जल संस्थान के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

भाजपा नेता अनिद्ध भाटी ने आक्रोशित महिलाओं को शांत कराते हुए जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता करते हुए अतिशीघ्र जल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। कहा कि जल संस्थान की हठधर्मिता के कारण उत्तरी हरिद्वार में पानी की किल्लत बढ़ गयी है। जहां सूखी नदी में पानी की पाईप लाईन स्थानान्तरण के कारण खड़खड़ी, इन्द्रा बस्ती, कोरा देवी कॉलोनी, पावनधाम मार्ग, दुर्गानगर, कैलाश गली एवं मुखिया गली में पानी की किल्लत हो रही है।



## आम आदमी पार्टी ने तीर्थ पुरोहितों के धरने को दिया समर्थन

**संवाददाता** हरिद्वार। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्षा हेमा भण्डारी ने हरकी पौड़ी पर पहुंचकर धरना दे रहे तीर्थ पुरोहित समाज को अपना समर्थन दिया। साथ ही हरकी पौड़ी पर स्केप चौनल अध्यादेश को रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्षा हेमा भण्डारी ने कहा कि कांग्रेस की हरीश रावत सरकार के कार्यकाल में इस अध्यादेश को लाया गया था। जिससे करोड़ो श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरी चोट पहुँची थी, तब विपक्ष में बैठी बीजेपी सरकार ने इस अध्यादेश का विरोध किया था पर आज जब हरीश रावत अपने पूर्व के निर्णय पर माफीनामा लिखकर अखाड़ा परिषद को दे रहे हैं।

# किसानों के हित के लिए ही कृषि बिल लाया गयाः अरविंद पांड

**संवाददाता**

हरिद्वार। केंद्र सरकार किसानो के हित को ध्यान में रखते हुए कृषि बिल लाया गया है। लेकिन कुछ लोग इस बिल का विरोध वही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने इसका अध्ययन नहीं किया और राजनीति कर रहे है। विपक्षी दल द्वारा बिल को लेकर जो आपत्ति जताई जा रही है। वह केवल राजनीति से प्रेरित है। किसान इस बिल को लेकर खुश हैं मगर विपक्षी दल किसानों को भड़काने और हल्ला मचाने का काम कर रहे है इस बात की जानकारी राज्य कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने शनिवार को मायापुर स्थित डामकोठी पर पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

**विपक्षी दल किसानों को भड़काने और हल्ला मचाने का कर रहे काम**

उन्होंने कहा कि कृषि बिल से किसान मंडी टैक्स के साथ ही बिचौलियों से मुक्त हो जाएगा। अपनी फसल का मूल्य उसे सही रूप में मिल पाएगा।

केंद्र सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए ही तीन अध्यादेश पारित किए हैं। कृषि बिल किसानों के हित में है और इससे किसानों की स्थिति में सुधार होगा। कांग्रेस ने 70 सालों में जो काम नहीं किया है, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके दिखाया है। किसानों की माली हालत को लेकर आज तक केवल कैंडल मार्च, विरोध ही किए गए। लेकिन किसानों की हालत सुधारने के लिए किसी ने काम नहीं किया। बिल के खिलाफ कांग्रेस इस तरह का माहौल बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के सरकारी स्कूलों में दूरसंचार और दूरदर्शन के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। सरकारी स्कूलों में बिजली या दूरसंचार की सेवा नहीं है, उसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द इस समस्या को दूर किया जाए। फीस को लेकर पूछे गए सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जो अभिभावक प्राइवेट स्कूलों की फीस देने में सक्षम नहीं है, आर्थिक रूप से कमजोर हैं वह अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कराएं।

## 19वीं अस्थि कलश विसर्जन कलश विसर्जन यात्रा की तैयारी शुरू

**संवाददाता** हरिद्वार। लावारिसों को मोक्ष दिलाने के लिए संकल्पबद्ध संस्था श्री देवोत्थान सेवा समिति (पंजी) के तत्वावधाान में लगातार 19वीं अस्थि कलश विसर्जन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म तिथि पर 02 अक्टूबर को दिल्ली से चलकर हरिद्वार पहुंचेगी। कनखल के सतीघाट पर 03 अक्टूबर को मां गंगा की गोद में अस्थि विसर्जन किया जायेगा। हरिद्वार में पुण्यदायी अभियान सेवा समिति और देवोत्थान सेवा समिति उत्तराखंड की ओर से जोरदार तैयारियां की जा रही है। पुण्यदायी अभियान सेवा समिति के प्रांतीय प्रभारी रविन्द्र गोयल ने बताया कि श्री देवोत्थान सेवा समिति हरिद्वार में पुण्यदायी अभियान सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में 02 अक्टूबर को शहीदी पार्क, आईटीओ, प्रेस एरिया, नई दिल्ली से शुरु हुई 19 वीं अस्थि कलश विसर्जन यात्र उसी दिन शाम को 5 बजे हरिद्वार में प्रवेश करेगी और शाम को 7 बजे निष्काम सेवा ट्रस्ट भूपतवाला पहुंचेगी।